# अभ्यास # 1

## A. एक विकल्पी प्रकार के प्रश्न

**Q.1** पीलिया किसका रोग है -
(A) वृक्क (B) यकृत
(C) अग्नाशय (D) गृहणी

**Q.2** इम्यूनों-डिफिसियंसी सिण्ड्रोम (प्रतिरक्षी न्यूनता विकार) किसके कारण उत्पन्न हो सकता है -
(A) त्रुटीपूर्ण यकृत (B) त्रुटिपूर्ण थाइमस
(C) एड्स विषाणु (D) कमजोर प्रतिरक्षा तंत्र

**Q.3** आयोडीन की कमी से उत्पन्न होता है -
(A) गलगण्ड (B) फ्लुओरोसिस
(C) अरक्तता (D) ऑस्टियोमेलेसिया

**Q.4** एड्स का विषाणु दूसरे व्यक्ति में किसके द्वारा संचरित नहीं हो सकता है -
(A) रक्त आद्यान से (B) हाथ मिलाने से
(C) लैंगिक सम्बंध से (D) संक्रमित सुई से

**Q.5** T.B. का उपचार किसके द्वारा होता है -
(A) स्ट्रेप्टोमाइसिन (B) यूबिक्यूनोन
(C) ग्रिसियोफुल्विन (D) इन्सिटॉल

**Q.6** निम्न में से कौनसा जिवाण्विक रोग है -
(A) दात्र कोशिका अरक्तता
(B) हैजा
(C) कैन्सर
(D) गलगण्ड

**Q.7** निम्न में से संचारी रोग है -
(A) डायबिटीज (B) डिफ्थिरिया
(C) अतितनाव (D) क्वाशियोरकर

**Q.8** किसमें निर्जलीकरण का खतरा होता है -
(A) पीलिया (B) न्यूमोनिया
(C) मलेरिया (D) अतिसार

**Q.9** निम्न में से कौनसा लिंग संचारी रोग नहीं है -
(A) क्षय (B) सिफिलिस
(C) गोनोरिया (D) AIDS

**Q.10** रोगों के प्रतिरोधन का अध्ययन कहलाता है -
(A) रोग विज्ञान (B) कोशिका विज्ञान
(C) प्रतिरक्षा विज्ञान (D) इनमें से कोई नहीं

**Q.11** मुखीय वेक्सीन किसके आक्रमण की रोकथाम करते है -
(A) टॉयफॉइड (B) पोलियो
(C) टिटेनस (D) हैजा

**Q.12** निम्न में से कौनसा जीवाण्विक रोग है -
(A) पोलियो (B) फायलेरिऐसिस
(C) टिटेनस (D) मलेरिया

## B. बहुविकल्पी प्रकार के प्रश्न

**Q.13** हिमोफिलिया है एक -
(A) चिरकालिक रोग (B) जन्मजात रोग
(C) तीव्र रोग (D) न्यूनता रोग

**Q.14** गलगण्ड किसकी कमी के कारण होता है -
(A) विटामिन A (B) फ्लोरीन
(C) आयोडीन (D) विटामिन C

**Q.15** अनिन्द्रा रोग किसके द्वारा उत्पन्न होता है -
(A) घरेलू मक्खी (B) मच्छर
(C) सेण्ड मक्खी (D) सी-सी मक्खी

**Q.16** मादा ऐनोफिलीज मच्छर एक रोगजनक का वाहक होती है, जो उत्पन्न करता है -

(A) मलेरिया (B) डेंग्यू

(C) पीत ज्वर (D) फाइलेरिऐसिस

**Q.17** सूक्ष्मजीव जो सामान्यतः नाक द्वारा शरीर में प्रवेश करते है। सम्भवतः प्रभावित करते है -

(A) आहारनाल (B) फुफ्फुस

(C) यकृत (D) लसिका ग्रंथि

**Q.18** निम्न में कौनसा असुमेलित है ?

(A) एड्स – जीवाणु संक्रमण

(B) पोलियो – विषाणु संक्रमण

(C) मलेरिया – प्रोटोजोआ संक्रमण

(D) ऐलिफेन्टाइटिस – हेल्मिन्थ संक्रमण

**Q.19** एक जन्तु जो संक्रमित व्यक्ति या इसके मल आदि से रोगों को दूसरे सम्भावित परपोषी में संचरित करता है कहलाता है -

(A) प्राथमिक परपोषी (B) द्वितीयक परपोषी

(C) परजीवी (D) वाहक

**Q.20** वह रोग का प्रकार जिसकी अप्रत्याक्षिप शुरूआत रोगी की सामान्य कार्यकी को प्रभावित करती है किन्तु केवल कम समय के लिए इसे कहते है -

(A) चिरकालिक रोग (B) तीव्र रोग

(C) हार्मोनल रोग (D) न्यूनता रोग

**Q.21** पेप्टिक अल्सर किसके द्वारा उत्पन्न किया जाता है -

(A) जीवाणु-हेलिकोबेक्टर पाइलोरी

(B) विषाणु

(C) प्रोटोजोआ, प्लाज्मोडियम वाइवेक्स

(D) हार्मोन की कमी

**Q.22** अनेक त्वचीय संक्रमण किसके द्वारा उत्पन्न होते है -

(A) विषाणु (B) कवक

(C) कृमि (D) प्रोटोजोआ

# अभ्यास # 2

## A. अतिलघुत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न

**Q.1** मलेरिया के वाहक तथा रोगजनक का नाम लिखो।

**Q.2** संक्रामक रोगो की रोकथाम के कोई एक सामान्य तरीके का नाम लिखो।

**Q.3** उन सामान्य कीटो का नाम लिखो जो हैजा टायफॉयड, अतिसार, तथा क्षय के रोगजनको का वहन करते है ?

**Q.4** जन्मजात रोग क्या है? एक उदाहरण दीजिये।

**Q.5** रोगजनक क्या है? उदाहरण दीजिये।

**Q.6** ज्ञात प्रतिजैविकों के नाम लिखो?

**Q.7** रोग के 'लक्षणों' का क्या अर्थ है ? यह क्या दर्शाते है?

**Q.8** लक्षणों के आधार पर एक चिकित्सक क्या करता है?

**Q.9** रोग के कारण का प्रथम पद क्या है?

## B. लघुत्तरात्मक प्रकार के प्रश्न

**Q.10** इनके बीच विभेद करो -
(i) तीव्र तथा चिरकालिक रोग
(ii) जन्मजात तथा अर्जित रोग
(iii) संक्रामक तथा असंक्रामक रोग

**Q.11** निम्न पर टिप्पणी लिखो -
(a) वेक्सिनिकरण
(b) रोगों के कारण
(c) चिन्ह और लक्षण
(d) संक्रामक रोगो के प्रसार के तरीके

**Q.12** रोग उत्पन्न करने वाले विभिन्न बाह्य कारकों की सूची बनाओ।

**Q.13** (a) मच्छर की *ऐनाफिलीज, क्यूलेक्स* तथा *ऐडीज* प्रजाति द्वारा उत्पन्न होने वाले रोगो के नाम लिखो।
(b) उन जीवों के नाम लिखो जो निम्न रोगों का संचरण करते है
(i) डायरिया (ii) रेबीज

**Q.14** (i) एड्स एक विषाणु रोग है जो लैंगिक सम्बंध द्वारा फैलता है। क्या अन्य कोई तरीका है जिससे यह रोग फैल सकता है?
(ii) क्या तुम दो रोगो के नाम लिख सकते हो जो लैंगिक सम्बंधो द्वारा फैलते है किन्तु विषाणु की बजाय जीवाणु से उत्पन्न होते है?

**Q.15** एक विषाणु रोग जो सामान्यतः बच्चों को प्रभावित करते है तथा पैरो में लकवा कर देते है। यह लगभग विश्व से उन्मुलित हो चुकी है, इस रोग का नाम लिखो।

## C. निबंधात्मक प्रकार के प्रश्न

**Q.16** संक्रामक रोगो के उपचारो की रोकथाम के विभिन्न मापको के बारे मे लिखो।

**Q.17** रोगो के विभिन्न कारण तथा चिन्ह व लक्षणों की सूची बनाओ।

**Q.18** उन तरीकों को चिन्हित करो जिनमें मानव समुदाय में संक्रामक रोग सामान्यतः फैलते है?

**Q.19** तीव्र तथा चिरकालिक रोगो के बारे में स्पष्टीकरण लिखो।

**Q.20** संक्रामक रोगो की रोकथाम के सामान्य तरीको का विस्तृत वर्णन करो।